आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.07.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पत्र लीक रोकने के लिए सभी पक्षों से मिलकर काम करने का आह्वान किया।
- केन्द्रीय औषधीय मानक नियत्रंण संगठन ने भारत की पहली डेंगू वैक्सीन क्यूडेंगा के विपणन को सहमति दे दी है।
- सांसद बिष्णु पद रे ने निकोबार में सरकारी कर्मचारियों के लिए एक वर्ष का निश्चित कार्यकाल लागू करने की मांग की।
- शहीद कैप्टन असीम कुमार भट्टाचार्या के सम्मान में जे एन आर एम में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भविष्य में परीक्षा पत्र लीक की घटनाओं को रोकने के लिए सभी संबंधित पक्षों के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया है। संसद भवन में एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने परीक्षा पत्र लीक के मामलों में शामिल लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा युवाओं के हितों की रक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है और कई आरोपी जेल में हैं।

बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन समझौतों में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है और यह सुनिश्चित किया गया है कि किसानों को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो। इस अवसर पर एनडीए के सहयोगी दलों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर उन्हें बधाई देते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया।

<><><><><><><>

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने भारत की पहली डेंगू वैक्सीन क्यूडेंगा के विपणन की मंजूरी दे दी है। इसका उद्देश्य देश में डेंगू की रोकथाम के प्रयासों को मजबूत करना है। यह भारत में डेंगू की रोकथाम के लिए स्वीकृत पहली डेंगू वैक्सीन है। इसे 4 से 60 वर्ष की आयु के लोगों में डेंगू की रोकथाम के लिए मंजूरी दी गई है। इस वैक्सीन को पहले ही 42 देशों में नियामक स्वीकृति मिल चुकी है। इनमें यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, स्विट्जरलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड शामिल हैं।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने प्रशासन के मुख्य सचिव से निकोबार जिले में तैनात सभी सरकारी कर्मचारियों के लिए एक वर्ष का निश्चित कार्यकाल नीति लागू करने का अनुरोध किया है। उन्होंने उल्लेख किया कि यह व्यवस्था अंडमान और निकोबार पुलिस की मौजूदा नीति कीतर्ज पर लागू की जा सकती है। मुख्य सचिव को लिखे पत्र में सांसद ने कहा कि निकोबार जिले में कार्यरत् कई सरकारी कर्मचारियों को सीमित परिवहन सुविधा, आवास की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, संचार संबंधी कठिनाइयों और शिक्षा सुविधाओं के अभाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि लंबी एवं अनिश्चित तैनातियां के कारण कर्मचारियों को व्यक्तिगत और पारिवारिक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है। सांसद ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि 30 जुलाई 2007 को जारी स्थानांतरण नीति की समीक्षा कर उसमें आवश्यक संशोधन करने का किया जाए। उनका कहना है कि यह नीति लंबे समय से अपरिवर्तित है और वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप इसकी समीक्षा की जानी चाहिए।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए अंडमान निकोबार यातायात पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा बढ़ाना, नशे में वाहन चलाने पर रोक लगाना और तेज गति तथा लापरवाही से वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है। चालू वर्ष में अब तक शराब के नशे

में वाहन चलाने के आरोप में सात सौ चौवन वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस वर्ष मई में सत्तर और जून में एक सौ अड़सठ वाहन चालकों का चालान किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे शराब पीकर वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पालन कर सड़क सुरक्षा में सहयोग करें।

<><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में शहीद कैप्टन असीम कुमार भट्टाचार्य को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मरणोपरांत सेना पदक से सम्मानित कैप्टन भट्टाचार्य के सम्मान में महाविद्यालय परिसर में पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. पर्ल देवदास के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर एनसीसी की दोनों इकाइयों के अधिकारी, पूर्व छात्र, शहीद कैप्टन असीम कुमार भट्टाचार्य के मित्र तथा महाविद्यालय के शिक्षक और गैर–शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

<><><><><><>

नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन ने कल देर रात भातू बस्ती के क्यारी रोड स्थित एक घर में छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने दो दशमलव एक चार पाँच किलोग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस के अनुसार, स्थानीय बाजार में अवैध रूप से गांजा रखे जाने की गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपाधीक्षक (नारकोटिक्स) सुमा मड्डा के पर्यवेक्षण में हुई। पुलिस ने प्रतिबंधित पदार्थ जब्त कर आरोपी को एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया है। मामले में नशीले पदार्थों की आपूर्ति से जुड़े नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अंडमान और निकोबार पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नशीले पदार्थों की तस्करी या सेवन से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

<><><><><><>

मायाबंदर स्थित महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए रिसोर्स पर्सन के अस्थायी पैनल की सूची जारी कर दी है। यह अस्थायी पैनल महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी पैनल से संबंधित किसी भी दावे या आपत्ति को 25 जुलाई तक प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावों और आपत्तियों के निपटारे के बाद अंतिम पैनल तैयार किया जाएगा। दावाया आपत्ति ई–मेल अथवा व्हाट्सऐप नंबर 9474246265 के माध्यम से भेजी जा सकती है।

<><><><><><>

अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन ने श्री विजयपुरम के फ्लैग प्वाइंट पर ओपन ब्लिट्ज शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग के शतरंज खिलाड़ियों ने भाग लिया। कला एवं संस्कृति निदेशक प्रियंका कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने पहली चाल चलकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, एकाग्रता, खेल भावना और निष्पक्ष खेल के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में सचित बाड़ा ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि जिनसन सैमुअल दूसरे और शैलेंद्र सिंह तीसरे स्थान पर रहे।

<><><><><><>